पावर सिस्टम कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड़

केन्द्रीय कार्यालय , मानव संसाधन विभाग

सन्दर्भ संख्या : के.का./पोसोको/2018/हिन्दी कार्यशाला दिनांक 22 जून 2018

हिन्दी कार्यशाला का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम 2 से प्राप्त पत्र संख्या नराकास /77/2018 दिनांक 15 मई 2018 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी से दिनांक 18 मई 2018 की नोट शीट के माध्यम से अनुमोदन के पश्चात नराकास उपक्रम 2 के अधीन सभी निगमों से 1-2 प्रतिनिधियों हेतु दिनांक 21 जून 2018 को एन आर पी सी के सभागार में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बाह्य संकाय के तौर पर श्री सत्येंद्र सिंह, श्री अमित प्रकाश, संयुक्त निदेशक, विद्युत मंत्रालय और सदस्य सचिव, नराकास उपक्रम 2 को आमंत्रित किया गया |

1.0 सर्वप्रथम नोडल अधिकारी राजभाषा ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री के वी एस बाबा, निदेशक(मानव संसाधन), श्रीमती मीनक्षी डावर, निदेशक(मार्केट ऑपरेशन)श्री पी के अग्रवाल, श्री सत्येंद्र सिंह, श्री अशोक कुमार, सदस्य सचिव व नराकास उपक्रम 2 के अधीन सभी निगमों से पधारे प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनंदन किया | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री बाबा ने दुशाला औढ़ा कर श्री सत्येंद्र सिंह का और निदेशक(मार्केट ऑपरेशन) श्री पी के अग्रवाल ने श्री अशोक कुमार का दुशाला औढ़ा कर स्वागत किया |

2.0 श्री बाबा ने बाह्य संकाय का स्वागत करते हुए कहा कि पोसोको कार्यालय पुरस्कार की आशा न करते हुए राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार हेतु दृढ़संकल्प है और इस दिशा में कार्य कर रहा है |

3.0 श्रीमती डावर, निदेशक(मानव संसाधन) ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से संसदीय समिति की प्रश्नावली भरने में आपको आसानी होगी | भविष्य में भी पोसोको परिवार इस तरह की कार्यशालाओं का संचालन करने के लिए प्रतिबद्ध है |

4.0 श्री अग्रवाल, निदेशक(मार्केट ऑपरेशन) ने बाह्य संकायों के साथ साथ सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं के आयोजन से हिन्दी अधिकारियों के मनोबल में वृद्धि होगी व आसानी से संसदीय समिति की प्रश्नावली को भर सकेंगे |

5.0 श्री सत्येंद्र सिंह ने संसदीय समिति की प्रश्नावली कैसे भरें विषय पर अपना वक्तव्य आरंभ करते हुए संसदीय समिति की प्रश्नावली के विभिन्न पृष्ठों के संबंध में प्रकाश डाला व कहा कि संसदीय समिति की प्रश्नावली को भरते हुए संबन्धित दिशा निर्देशों को अच्छी तरह समझ कर भरने से किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी |

6.0 श्री अशोक कुमार ने अपने सम्बोधन में पोसोको द्वारा कालांतर में किए गए राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार के कार्यों की प्रशंसा की व सभी प्रतिभागियों को इस विषय की गंभीरता के बारे में बताया |

7.0 श्री अमित प्रकाश ने अपने सम्बोधन में सभी हिन्दी अधिकारियों को जहां संसदीय समिति की प्रश्नावली की बारीकियों के बारे में बताया वहीं हिन्दी के प्रचार प्रसार में आ रही कठिनाइयों को कैसे दूर करें विषय पर भी प्रकाश डाला |

8.0 कार्यशाला के अंतिम सत्र में पोसोको द्वारा आयोजित हिन्दी प्रश्नोतरी प्रतियोगिता के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को हिन्दी व हिन्दी साहित्य के विभिन्न रूपों से अवगत कराया व विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया |

9.0 कार्यशाला के अंत में उपमहाप्रबंधक(प्रचालन सेवाएँ) श्री देवेंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों को पोसोको द्वारा आयोजित हिन्दी कार्यशाला में पधारने पर हार्दिक धन्यवाद दिया |

10.0 अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)
कार्यपालक सचिव (मा.सं)

उपमहाप्रबंधक(मानव संसाधन)

निदेशक(मानव संसाधन)

हिन्दी मे काम करना आसान है। शुरु तो कीजिए।